SLCM GROUP IN NEWS:

Publication	Date	Edition	Page No
Shah Times	April 09, 2025	New Delhi	3

शाह टाइम्स

व्यवसाय के साथ सामाजिक कल्याण भी एसएलसीएम का मंत्र: सभरवाल

नई दिल्ली। पोस्ट-हार्वेस्ट लॉजिस्टिक्स एंड एग्री- सॉल्यूशंस कंपनी सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट ने एक बहुपक्षीय सीएसआर प्रोग्राम के विस्तार की घोषणा की है। यह प्रोग्राम शिक्षा, कौशल विकास और सामा. जिक कल्याण के कार्यक्रमों से बच्चों, युवाओं तथा महिलाओं को सशक्त करने के लिए है। पहल के तहत अगली पीढ़ी के लिए निवेश होगा और कमजोर समुदायों को सहयोग मिलेगा। इस बाबत एसएलसीएम ग्रुप ने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में यह कार्यक्रम शुरू करने के लिये विभिन्न एनजीओ तथा जमीनी-स्तर के संगठनों के साथ भागीदारी की है। एसएलसीएम के ग्रुप सीईओ संदीप सभरवाल ने कहा कौशल विकास के अंतर्गत एवं युवाओं के सशक्ति करण के लिए एसएलसीएम ग्रुप ने एक व्यापक पहल के तहत दिल्ली के भीतर विद्यार्थियों, शिक्षकों और समुदायों के कैरियर पर केन्द्रित प्रशिक्षण एवं परामर्श दिया जाएगा। इस पहल में कैरियर में उन्नति और ग्राहकों के साथ संबंधों के प्रबंधन के लिए डिजिटल टूल्स, स्कूल लीडर्स के लिए वर्कशॉप, कैरियर में मार्गदर्शन करने वाले सत्रों समेत पहुँच के लिए विस्तृत गतिविधि आदि शामिल हैं।